# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 24/07/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --171/2024
24 जुलाई 2024
झारखंड मंत्रालय, रांची
============

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन नगर विकास एवं आवास विभाग तथा द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई " द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड " के बीच ताज होटल निर्माण हेतू एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे मौजूद
===================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- ऐसी व्यवस्था खड़ा करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नई पहचान दे सकें
==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - नीतियां अच्छी हो तो लोगों को रोजगार के लिए पलायन की जरूरत नहीं पड़ेगी
==================

- राज्य को नई दिशा देने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही सरकार

- देश के विकास में झारखंड का शुरू से रहा है अहम योगदान

- ताज होटल से पर्यटन विकास को बढ़ावा के साथ झारखंड को मिलेगी वैश्विक पहचान

- **आंतरिक संसाधनों का बेहतर सदुपयोग और यहां की प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़ने का हो रहा प्रयास**

**श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड**

राज्य में एक ऐसी व्यवस्था खड़ा करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नई पहचान दे सकें। इसके लिए सरकार गठन के साथ ही आंतरिक संसाधनों का बेहतर से बेहतर सदुपयोग और यहां की प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राज्य में विकास का नया आयाम दे सकें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई " द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड " के बीच ताज होटल निर्माण हेतू एमओयू को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबे समय से प्रयास जारी था, जो अब साकार हो रहा है। आज का दिन काफी ऐतिहासिक और सुखद अनुभव देने वाला है। इस सुखद अनुभव में और भी इज़ाफ़ा उस वक्त होगा जब ताज होटल राज्यवासियों को समर्पित किया जाएगा। ताज होटल के स्थापित होने से पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे झारखंड को वैश्विक पहचान मिलेगी।

**सिर्फ खनिज नहीं, अन्य संसाधनों से भी धनी है झारखंड**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को खनिज संसाधनों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन यहां खनिज के अलावे अन्य कई संसाधन हैं, जो इस राज्य को आगे ले जाने के लिए काफी है। लेकिन, शायद नीतियां ऐसी नहीं बनी जो इन संसाधनों के जरिए झारखंड में विकास को गति दे सके। इस बात का हमें शुरू से अफसोस रहा है, लेकिन अब सरकार इससे आगे बढ़कर राज्य को नई दिशा देने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है और उसके उत्साहवर्धक परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं।

**नीतियां अच्छी हो तो रोजगार के लिए पलायन की जरूरत नहीं पड़ेगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार की खातिर झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों का पलायन देश और विदेश के लिए होता है। अगर कोई बेहतर रोजगार और बेहतर जीवन के लिए बाहर जाता है तो इसमें कोई बुराई नहीं है । लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि अगर इस राज्य में रोजगार से संबंधित नीतियों को बेहतर तरीके से बनाकर अमल में लाया जाए तो यहां से युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार अपने ही राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दूसरे राज्यों और देश के बेहतर चीजों को ग्रहण करना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अक्सर सरकारी कार्यक्रमों और निजी वजह से भी अन्य राज्यों का भ्रमण करता रहता हूं। वहां कई कार्यक्रमों और गतिविधियों में भी शामिल होता हूं। वहां काफी कुछ जानने-समझने का मौका मिलता है। मेरा मानना है कि दूसरों की अगर अच्छी चीज हमारी व्यवस्था के लिए बेहतर होगी तो उसे जरूर ग्रहण करना चाहिए। इससे राज्य और राज्यवासियों बेहतर व्यवस्था देने और आगे ले जाने का राह प्रशस्त होगा।

## टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है। इस रिश्ते के 100 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। इस दौरान टाटा समूह ने औद्योगिक और अन्य माध्यमों से झारखंड के विकास में अहम रोल निभाती आ रही है। इस रिश्ते को हम और भी मजबूत कर सकते हैं, जब राज्य के लोगों के साथ भी इस रिश्ते को और मजबूत कर सकें। मैं वर्षों पुराने इस रिश्ते को लेकर टाटा समूह से पूरे अधिकार से कर सकता हूं कि वह राज्य की जनता के हितों को प्राथमिकता दें। टाटा समूह भी इस बात से भली- भांति वाकिफ है और वह इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## राज्य सरकार कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह की कई इकाईयां यहां वर्षों से स्थापित है। इन इकाइयों और प्रतिष्ठानों में लाखों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह समूह यहां कई और उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आ रहा है। ऐसे में राज्य सरकार इस समूह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। हम सभी की भागीदारी से झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में कामयाब होंगे।

## देश को आगे बढ़ाने में झारखंड का अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह देश को आगे बढ़ाने में टाटा का है। उसी तरह झारखंड के बिना भी देश आगे नहीं बढ़ सकता है। झारखंड अगर अपने हाथ रोक ले तो देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। लेकिन हमारी सरकार सभी के साथ देश को आगे ले जाने की सोच रखती है और इसमें यह राज्य पूरा योगदान दे रही है।

## कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का शानदार और सफल आयोजन हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच झारखंड में कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार और सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन को देश- दुनिया में सराहना मिली। भविष्य में भी ऐसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है। ऐसे में ताज होटल के यहां स्थापित होने से हम अपने प्रतिभागियों को और भी बेहतर व्यवस्था और सुविधा दे सकेंगे।

**इस कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव श्री एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी श्री टी वी नरेंद्रन, आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट ( ऑपरेशन्स )श्री के मोहन चंद्रन, वाईस प्रेसीडेंट (डेवलपमेंट) श्रीमती  अनिका गुप्ता एवं वाईस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट अफेयर्स, टाटा स्टील श्री चाणक्य चौधरी मौजूद थे।**

**========================**

**#Team PRD(CMO)**